C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:40 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:29 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 117 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 26 अक्टूबर 2024

आम्रपाली से मिलकर सारा दर्द...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### संदिग्ध हालात में पंखे में लटकी मिली विवाहिता, हत्या का आरोप

**बाजपुर।** संदिग्ध हालात में महिला कमरे के अंदर पंखे से लटकी मिली। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार महिला ऑनलाइन गेम खेलती थी। गेम में रकम हारने से परेशान होकर महिला के आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। शहर के वार्ड नंबर 12 भौना कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय पल्लवी शर्मा शुक्रवार को कमरे में पंखे से लटकी मिली। सूचना पर पहुंचे मृतका के पति अनुभव शर्मा और देवर देवांचल ने दरवाजा खोला, तब तक पल्लवी शर्मा की मौत हो चुकी थी। सूचना पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, कोतवाल नरेश चौहान ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### क्वारब में कांग्रेसियों ने स्थायी समाधान की मांग उठाई

**अल्मोड़ा।** कांग्रेसियों ने क्वारब में सरकार के खिलाफ धरना दिया। उन्होंने सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि क्वारब पर हो रही समस्या के कारण कुमाऊं के तीन जिलों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब के पास पहाड़ी से लगातार भूस्खलन और बोल्डर गिर रहे हैं। इसका स्थायी समाधान नहीं करने के विरोध में बृहस्पतिवार को कांग्रेसियों ने क्वारब में सरकार के खिलाफ धरना दिया। उन्होंने सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि क्वारब पर हो रही समस्या के कारण कुमाऊं के तीन जिलों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इसे सरकार की विफलता बताते हुए जल्द समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेसी बृहस्पतिवार करीब 11 बजे क्वारब के पास एकत्र हुए। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्होंने धरना दिया।

## गुरुग्रामखेल मंत्री रेखा ने किया बहुद्देशीय क्रीड़ा हॉल का लोकार्पण

**गदरपुर/रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने गदरपुर गदरपुर क्षेत्र खेमपुर युवा कल्याण विभाग द्वारा 428.76 लाख की लागत से निर्मित बहुद्देशीय क्रीड़ा हॉल का विधिवत पूजा अर्चना एवं फीता काटकर लोकार्पण किया। खेल मंत्री ने कार्यक्रम में आये मुख्यमंत्री उदीयमान उन्नयन खिलाड़ी योजना एवं मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना का



लाभ ले रहे खिलाड़ियों से वार्ता की, खिलाड़ियों ने योजना से होने वाले लाभ के विषय में अपने अनुभव साझा किये। खेल मंत्री ने कहा कि अब जमाना बदल चुका है, पढ़ाई के साथ-साथ खेल का हुनर व जुनून है तो भी बच्चों आगे बढ़ो और एक ब्राण्ड बनो जिससे स्वत: आपका सम्मान व आपकी पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उन्होंने

**कार्यक्रम**
- खेमपुर में युवा कल्याण विभाग द्वारा 428.76 लाख की लागत से बना है

कहा कि जो खेल के क्षेत्र में प्रदर्शन कर राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर में नाम रोशन करेंगें ऐसे खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार, सरकारी नौकरी देगी। उन्होने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी की सरकार में खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर है, अब खिलाड़ी खेल के साथ अपने पारिवारिक दायित्वों का भी निर्वाहन बेहतर ढंग से कर सकेंगे। उन्होने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अच्छे प्रदर्शन कर अच्छा कोच बने सकेंगे। खेल के साथ अब खिलाड़ियों के लिए अपना बेहतर करियर बनाने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने बहुद्देशीय क्रीड़ा हॉल के लोकार्पण के अवसर पर बधाई व बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह,विवेक सक्सेना,उपनिदेशक क्रीड़ा रशिका सिद्दकी, क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, डीओपीआरडी बीएस रावत, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन आदि मौजूद रहे।

### मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जताया एतराज

## परीक्षण के बिना कैबिनेट बैठक में भेजे जा रहे प्रस्ताव




**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

मुख्य सचिव ने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिवों, सभी विभागीय सचिवों को पत्र लिखा है, जिसमें विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों के परीक्षण और तुलना कर प्रस्ताव तैयार करने को कहा।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने विभागीय योजनाओं के प्रस्ताव जमीनी परीक्षण किए बगैर सीधे कैबिनेट बैठक में भेजने पर एतराज किया है। उन्होंने विभागीय सचिवों को निर्देश दिए कि वे जमीनी परीक्षण व आकलन करने के बाद ही कैबिनेट बैठक के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

ऐसा न करने से योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य प्राप्त करने में कठिनाई होती है इस संबंध में मुख्य सचिव ने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिवों, सभी विभागीय सचिवों को पत्र लिखा है। पत्र में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों के परीक्षण और तुलना कर प्रस्ताव तैयार करने को कहा। वर्तमान योजनाओं का अध्ययन कर एक समान योजनाओं को मर्ज करने के भी निर्देश दिए। कहा, इसके अभाव में दो विभागों के वित्तीय प्रस्तावों के मध्य विसंगति पैदा होने की संभावना रहती है। निर्देश दिए कि योजनाओं की स्वीकृति में प्रक्रियाओं को सरल किया जाए, ताकि अनावश्यक विलंब न हो।

## फिर प्रकाश में आया लव जिहाद का मामला, हत्या करने की धमकी

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

जनपद में लव जिहाद का मामला एसएसपी के पास पहुंचा। पीड़िता ने एसएसपी को बताया कि युवक उसकी बात नहीं मानने पर हत्या कर शव के टुकड़े टुकड़े कर सूटकेस में बंद कर फेंकने की धमकी देने का आरोप लगाया। एसएसपी ने संबंधित थाना प्रभारी को जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक थाना गदरपूर निवासी एक युवती ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि वह सुल्तानपुर पट्टी स्थित अस्पताल में काम करती थी और सामने ही काशीपुर आईटीआई निवासी विशेष समुदाय के युवक का प्रॉपर्टी डीलर का कार्यालय भी था। पीड़िता का आरोप था कि युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाया और नैनीताल कोर्ट के बहाने ले गया और कमरा लेकर उसे शादी भी कर ली। पीड़िता का यह भी आरोप था कि पति ने आश्वासन दिया था कि शादी के बाद कोई भी धर्मांतरण या फिर जोर जबरदस्ती नहीं होगी। बावजूद इसके शारीरिक संबंध बनाएं और एक बच्चा भी पैदा किया। पीड़िता के मुताबिक एक अक्टूबर 2 024 को आरोपी पति गौमास का बना

**आरोप**
- मामला पहुंचा एसएसपी के पास तो उन्होंने संबंधित थाना पुलिस को दिए जांच के निर्देश
- पति की बात न मानी तो शव के टुकड़े-टुकड़े कर फेंकने धमकी दी

हुआ मीट लाया है और जबरन खाने का दबाव बनाया। जब इंकार किया,तो हत्या कर शव के टुकड़े-टुकड़े कर सूटकेस में बंद कर फेंकने की धमकी देने लगा।

धारदार हथियार दिखाकर धमकाया। आरोप था कि उसने धार्मिक पर्व होने का बहाना बनाया और पति को समझाया कि त्यौहार निकलने के बाद हर बात मानेगी। बताया कि तीन अक्टूबर को पति घर पर नहीं था। तो वह मौका पाकर वहां से भागी और मायके वालों से माफी मांगते शरण देने की गुहार लगाई। पीड़िता ने एसएसपी को तहरीर देकर आरोपी पति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने संबंधित थाना प्रभारी को जांच के आदेश दे दिए है। इधर लव जिहाद का मामला प्रकाश में आने के बाद हिंदूवादी संगठनों में रोष बढ़ने की संभावना है।

## गुरुग्राम में दर्दनाक हादसा मकान में लगी भीषण आग, जिंदा जले चार लोग

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**

गुरुग्राम में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक मकान में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग में चार लोग जिंदा जल गए। मृतक गारमेंट कंपनी में टेलर का काम करते थे।

हरियाणा के गुरुग्राम से बड़ी खबर है। सरस्वती एनक्लेव के जी ब्लॉक में एक मकान में आग लग गई। आग लगने से चार लोग जिंदा जल गए। सभी मृतक गारमेंट कंपनी में टेलर का काम करते थे। जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम के सरस्वती एनक्लेव के जी ब्लॉक में शुक्रवार के देर रात करीब 2ः00 बजे आग लग गई। आग की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। शुरुआती



जानकारी में सामने आया है कि सभी लोग गारमेंट कंपनी में टेलर का काम करते थे। सभी मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। मरने वालों में एक की शादी हुई थी। उसकी पत्नी और बच्चे दिवाली के त्योहार पर घर गए थे। मृतकों की पहचान नूर आलम, मुस्ताक, अमन और साहिल के रूप में हुई है। ये सभी बिहार के रहने वाले थे। यहां इस मकान में किराए से रहते थे। इन सभी की उम्र 20 से 30 वर्ष के बीच है।

## शेयर बाजार में मुनाफे के लालच में गंवाए 1.99 करोड़ रुपए

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

अज्ञात व्यक्ति ने शेयर बाजार में पैसा लगाकर भारी कमाई का लालच देकर ऑनलाईन करीब दो करोड़ रूपये की ठगी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सुभेन्दु मोंडल पुत्र श्यामा पाडा मोंडल निवासी मूल बर्लिंगटन हीरानंदनी ईस्टेट, घोडबंदर रोड,पाटलीपाडा ठाणे वेस्ट महाराष्ट्रा का मूल निवासी है। वर्तमान में ओमेक्स सोसाईटी में किराये पर रह कर निजी कम्पनी में कार्यरत है। उसने फेसबुक पर स्टोक मार्केटिंग का विज्ञापन देखने के बाद विज्ञापन पर क्लिक किया गया तो वह शेयर मार्केटिंग सम्बन्धी लुभावने ऑफर दिखाता था। जिस ग्रुप में अन्य लोग भी जॉइन थे इस ग्रुप में ही सारी बातें समझायी गयी । जिस पर उसने अपनी सहमति देने के बाद उनके द्वारा



एक अन्य ग्रुप में जॉइन कर दिया। इस ग्रुप के एडमिन ने स्वयं को कस्टमर सर्विस मैनेजर बताया था। जिसके द्वारा लिंक के माध्यम से एक एप डाउनलोड करायी गयी जिस पर वह ट्रेडिग शुरू करने लगा। अपने बैंक खाते से धनराशि जमा करता था । कुछ समय बाद कस्टमर सर्विस मैनेजर द्वारा नार्मल शेयर अप्लाई करने को बोला गया। उसने लगभग एक करोड़ के आईपीओ व शेयर खरीद लिये गये जिसका प्रोफिट चार्ट में लगभग 10 करोड़ का प्रोफिट दिखाया। इसी बीच उनके द्वारा एक विज्ञापन के बारे में सलाह दी गयी जिस पर अत्यधिक मात्र में शेयर थे।

उसने सलाह दी एप के माध्यम से लोन ले लें जिस हेतु आईपीओ लेने से पहले लोन की धनराशि जमा करनी पड़ेगी लोन की धनराशि जमा करते ही जो शेयर खरीदने में लाभ होगा उससे लोन की धनराशि माईनस कर आपको

**मुकदमा**
- पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

प्रोफिट शेयर की कीमत प्रदान कर दी जायेगी। उसने लोन के नाम से कईखातों में धनराशि जमा कर दी गयी। आईपीओ चार्ट द्वारा उसका प्रोफिट करीब 20 करोड़ रू0 दिखाया गया। उसने धनराशि निकासी करनी चाही व आवेदन किया तो उनके द्वारा एप लॉक बताया गया जिस पर एप के लॉक ओपन प्रोसेसिंग हेतु पुन: धनराशि की डिमाण्ड करने लगे तब मुझे मेरे साथ ठगी होने का एहसास हुआ। उन्होने बताया कि 11 जून 2024 से 19 अगस्त 2024 तक कुल एक करोड़ निन्यानबे लाख छिहत्तर हजार रूपये की ऑनलाईन धोखाधड़ी की गयी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नैनीताल में छात्रों ने छत पर चढ़कर की नारेबाजी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में छात्र संघ चुनाव की तिथि जारी न होने के चलते शनिवार को एक बार फिर गुस्साएं छात्रों ने परिसर में जमकर बवाल काटा। इस दौरान उन्होंने परिसर का मुख्य गेट बंद कर परिसर में किसी को नहीं घुसने दिया। उत्तेजित छात्रों ने न केवल परिसर के मुख्य गेट प्रदेश सरकार का पुतला बल्कि परिसर की छत पर चढ़कर जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान छात्रों के उग्र तेवरों को देखते हुए परिसर प्रशासन ने मौके पर पुलिस बल को बुला लिया,लेकिन वह भी उत्तेजित छात्रों को शांत नहीं करा सकी।



बता दें कि छात्रसंघ चुनाव को की तिथि जारी नहीं होने से नाराज छात्रों ने शुक्रवार को डीएसबी परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। छात्र नेताओं ने सुबह परिसर का गेट बंद कर गुरुजनों, कर्मचारियों व छात्रों को परिसर में नहीं घुसने दिया। परिसर की निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा की विशेष गुजारिश पर छात्र नेताओं ने गेट तो खोल दिया लेकिन उसके बाद उग्र छात्रों ने निदेशक कार्यालय में मामले को लेकर विस्तार से वार्ता की लेकिन वार्ता विफ ल रही।

इससे पूर्व छात्र नेताओं ने सुबह 11 बजे परिसर के मुख्य गेट के समक्ष उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत का पुतला फूंका, साथ ही कुमाऊँ विश्वविद्यालय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद छात्र नेता परिसर के रसायन विज्ञान विभाग की छत पर चढ़ गए, जहां गुस्साएं छात्रों ने उच्च शिक्षा मंत्री डा. धनसिंह रावत, कुलपति तथा कुलसचिव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने तुरंत मौके पर पहुंचकर छात्रों को छत से उतरने के लिए बोला लेकिन छात्र छत से नहीं उतरे,बाद में काफी देर के बाद वह उतरे। इस दौरान प्रियांशु बेलवाल,संजय आर्य,हर्षित शर्मा,ओम नेगी,करन कुमार,आयुष मेहरा,हर्षवर्धन नौलिया,संदीप जलाल, करन सती, आशीष कबडवाल, अभिषेक कुमार और अंशुल कुमार थे। इस मौके पर एनएसयूआई के नगर अध्यक्ष आयुष आर्या ने सरकार को चेताया कि यदि जल्द ही छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित नहीं की गयी तथा छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया गया तो एनएसयूआई इस मामले को लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

दूसरी ओर परिसर प्रशासन की ओर से मुख्य कुलानुशासक प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट, प्रभारी डीएसबी डब्ल्यू प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. चन्द्रकला रावत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. दीपक मेलकानी, सीओ प्रमोद साह, कोतवाल हरपाल सिंह तथा तल्लीताल थाने के एसओ रमेश बोरा समेत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

## कुलसचिव से की वार्ता

**नैनीताल।** छात्र आंदोलन से प्रशासनिक भवन में विगत 21 अक्टूबर को आंदोलनकारियों द्वारा कुलसचिव को बंधक बनाने, कर्मचारियों से दुर्व्यवहार करने और तोडफ़ोड़ करने की घटना के चलते शुक्रवार को विश्वविद्यालय की समस्त कर्मचारी संगठनों ने बैठक करने के उपरांत सम्मिलित रूप से उत्तराखंड विद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा.मंगल सिंह मंद्रवाल से वार्ता की।

इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पत्र प्रेषित किया और विश्वविद्यालय के कार्यो के सुचारू संचालन के हेतु प्रशासनिक भवन के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इसमें राज्य महासंघ के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत के साथ विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष आनंद सिंह रावत, प्रशासनिक भवन शाखा के अध्यक्ष डा. मोहित सनवाल, डीएसबी परिसर शाखा के अध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट और भीमताल परिसर शाखा के अध्यक्ष भगवान ध्यानी ने हस्ताक्षर किए हैं।



# विश्व पोलियो दिवस पर टीकाकरण जागरूकता रैली

नैनीताल

हमारे संवाददाता

रोटरी क्लब द्वारा विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नैनीताल में सेंट मैरी कॉन्वेंट, सेंट जोसेफ तथा लॉन्गव्यू पब्लिक स्कूल, ऑल सेंट्स कॉलेज और भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के इंटरेक्टर्स ने टीकाकरण के महत्व को बढ़ावा देने के लिए पोलियो जागरूकता रैली में प्रतिभाग किया।

इन युवा नेताओं ने सूचनात्मक पर्चे बांटकर और बच्चों को होने वाली बीमारी से बचाने में टीकाकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करके समुदाय को जोड़ा। इस दौरान शहीद सैनिक स्कूल को उनके आकर्षक छोलिया लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जिसने सांस्कृतिक समृद्धि को जोड़ा और रैली की ओर अधिक ध्यान आकर्षित किया।

रैली में भाग लेने वाले रोटरी सदस्यों में रोटेरियन मनोज लांबा, रोटेरियन वाईपीएस सूरी, रोटेरियन जे.के. शर्मा, रोटेरियन सुमित खन्ना, रोटेरियन हरेश नयाल, रोटेरियन विक्रम स्याल, रोटेरियन विजय कृष्ण, रोटेरियन शैलेंद्र शाह और रोटेरियन शिवांगी शाह शामिल थे।

# ऑल सेंटस कॉलेज में संतों की याद में प्रार्थना सभा का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय ऑल सेंटस कॉलेज का सभागार शुक्रवार को ईश्वर वंदना से गुंजायमान रहा। बता दें कि हर वर्ष की तरह पूर्व काल में दुनिया से बुराई का नाश करने के लिए शहीद हुए संतों की याद में ऑल सेंटस ईव तथा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान ऑल सेंट्स कॉलेज की प्रधानाचार्या किरन जर्माया ने पवित्र ग्रंथ बाइबलि से मति का सुसमाचार व प्रभु यीशु के वचन पढ़े। पास्टर जॉन जॉर्ज मुन्नवर ने संतों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से सीख लेने की बातें कही साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया में आए हर व्यक्ति को संतों की जीवनशैली को अपनाना चाहिए और विनय विनम्रता और त्याग के साथ अपना जीवन जीना चाहिए। कॉलेज की छात्राओ ने ईश्वर की स्तुति में कई गीत गाये और विद्यालय की हेड गर्ल जिजीविषा शर्मा ने भी बाइबल से प्रकाशित वाक्य की आयतें पढ़ी। हालांकि ऑल सेंट्स डे 1 नवम्बर को मनाया जाता है पर इस दिन दीपावली की छुट्टी होने के कारण प्रार्थना सभा के बाद ऑल सेंट्स डे भी मनाया गया और प्रधानाचार्या श्रीमती जर्माया ने कक्षा 12 की छात्राओं के साथ मिल कर केक काटा। प्रार्थना सभा के दौरान वृंदावन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या राखी साह, नायला खान, नीलम कुमार, मधु विग तथा वी के विग, हसन रजा तथा विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्राएं मौजूद रहे।



## NEWS / फटाफट

### डीएसबी नैनीताल व सर जेसी बोस भीमताल अवकाश घोषित



**नैनीताल।** वर्तमान में छात्रों द्वारा छात्र संघ चुनाव कराए जाने के पक्ष में चलाये जा रहे आंदोलन के फलस्वरूप एवं छात्रों की सुरक्षा तथा संभावित अप्रिय घटना के दृष्टिगत परिसर निदेशक डीएसबी परिसर नैनीताल की संस्तुति तथा कुलपति की सहमति व निर्देश के आलोक में कुमाऊं विवि प्रशासन की ओर से 26 अक्टूबर (सोमवार) से आगामी 2 नवम्बर (शनिवार) तक डीएसबी परिसर नैनीताल तथा सर जेसी बोस भीमताल परिसर भीमताल में अवकाश घोषित कर दिया गया है। यह जानकारी विवि के कुल सचिव डा.मंगल सिंह मंद्रवाल ने दी।

### चुनाव तिथि को लेकर शासन को ही फैसला लेना है: कोर्ट

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने कहा है कि बीते 6 वर्षो से शासन पूरे उत्तराखंड राज्य में एक ही दिन चुनाव तिथि घोषित कर रहा था। इस वर्ष भी सभी तीन राज्य विवि शासन के संपर्क में थे लेकिन तिथि घोषित नहीं हुई। अब हाईकोर्ट ने चुनाव सबंधी याचिका को निस्तारित कर दिया है लेकिन अब इस पर शासन को ही फैसला लेना है। प्रो.रावत के मुताबिक कुविवि प्रशासन ने कभी भी छात्र संघ चुनाव कराने से इंकार नहीं किया। प्रो.रावत के मुताबिक विरोध करना छात्रों का संवैधानिक अधिकार है,वह विरोध तो कर सकते हैं लेकिन वह किसी भी दशा में कानून को हाथ में कदापि न लें।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# धूमधाम से मनाया गया लॉगव्यू पब्लिक स्कूल में 22वाँ वार्षिकोत्सव समारोह

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लॉगव्यू पब्लिक स्कूल में 22वाँ वार्षिकोत्सव समारोह शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ0 संजीव कुमार डय्प्यूटी सी0ई0ओ0 ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों द्वारा सामाजिक संदेश दिये गये, जिसमें अंग्रजी कविता का पाठ, ग्लोबल डांस तथा विद्यालय बैण्ड प्रफोरमेन्स तथा योग कला का प्रस्तुतीकरण किया गया। छात्रों के द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आल राउन्डर अवार्ड, मोस्ट पापुलर अवार्ड तथा मोस्ट रेगुलर अवार्ड तथा विभिन्न हाउसों को विभिन्न ट्राफियां प्रदान की गयीं। अतिथियों ने विभिन्न कार्यक्रमों के सफल व रोचक आयोजन के लिए खुशी जाहिर की। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विद्यार्थी जीवन का महत्व समझाया तथा उन्हें भारतीय संस्कृति की अनेकता में एकता का सम्मान करने के लिए आग्रह किया।




अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवन चंद्र त्रिपाठी ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया तथा विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक सुनीता त्रिपाठी, विद्यालय प्रबन्धन के अध्यक्ष प्रो0 एच0 बी0 त्रिपाठी तथा अतिथिगण, अध्यापकगण तथा अभिभावकगण तथा समस्त विद्यालय के गुरजन सहयोग के लिए मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मास्टर आशीष रावत, अभिज्ञान लोहनी तथा रूद्रांग त्रिपाठी तथा शौर्य जगाती ने किया।

# पांच दिवसीय ग्रामीण हिमालयन हाट में उमड़ी लोगों की भीड़

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के रामगढ़ ब्लाक के प्यूड़ा गांव आरोही संस्था की ओर से आरोही बाल संसार,खेल मैदान में आयोजित पांच दिवसीय ग्रामीण हिमालयन हाट में शुक्रवार को सुबह से ही लोगों की भीड़ देखने को मिली। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जन जागृति कला केंद्र बिंदुखत्ता व हास्य कलाकार मोहन दा द्वारा समा बाधा। कार्यक्रम समन्वयक. डॉ नारायण सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में वीएनवी परियोजना अंतर्गत 22 सरपंचों को उनके द्वारा वन पंचायत में पौध रोपण व उनके संरक्षण हेतु किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य के लिए आरोही संस्था की ओर से उन्हें विशेष रुप से समानित किया गया। कार्यक्रम में वीएनवी बंगलौर से आकांक्षा जैन उपस्थित रही उनके द्वारा वीएनवी द्वारा देश विदेश में क्या कार्य किए जा रहे हैं की विस्तार से जानकारी सांझा की, वही नरेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा परियोजना अंतर्गत किए गए कार्य का विवरण समुदाय के सम्मुख प्रस्तुत किया।

इस मौके पर आरोही संस्था के अधिशासी निदेशक डॉ. पंकज तिवारी द्वारा वन पंचायत में समुदाय की सहभागिता पर जोर देते हुए भविष्य में इस प्रकार की अन्य योजना लागू किए जाने का आश्वासन समुदाय के सामने रखा। कहा कि वन पंचायत भी हमारी संस्कृति और धरोहर है और देश में केवल उत्तराखंड राज्य में ही वन पंचायत है। कार्यक्रम के सफ ल संचालन में निर्मला जीना, देवेंद्र नयाल, कवि कुमार, चंद्र शेखर, यशपाल, संजय, समिरन व संस्था के कार्मिकों का बहुमूल्य योगदान रहा। संचालन चंद्रकला ने किया।

# अभिमत

## समान नियम जरूरी

*भूमि खरीद पर सख्ती से निवेशकों को झटका लगेगा। त्रिवेंद्र सिंह रावत भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। जी-20 के तहत निवेशकों को आमंत्रित करने वाले वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। एक ही पार्टी की सरकार में अलग-अलग नियम हैं। एक समान नियम की जरूरत है। केन्द्र सरकार को पूरे देश के लिए भू-कानून का निर्णय लेना चाहिए। हिमालयी राज्यों की विषम परिस्थिति की दृष्टि से अलग नियम का प्रावधान भी केन्द्र सरकार को करना होगा। राज्य सरकार पर यह निर्णय नहीं छोड़ा जाना चाहिए।*

उत्तराखंड में दूसरे प्रदेश के लोगों द्वारा खरीदी गई जमीन के बारे में जांच की जायेगी। ढाई सौ वर्ग मीटर से अधिक भूमि खरीदने वाले चिह्नित होने पर पूरे राज्य में तहलका मचना स्वाभाविक है। राजस्व परिषद की रिपोर्ट के बाद कार्रवाई का निर्णय लेना सरकार के लिए भारी पड़ेगा। जी-20 के अंतर्गत राज्य सरकार ने निवेशकों को सुविधाओं का वायदा किया है। उद्योग, होटल, रिजॉर्ट, स्कूल, कालेज, अस्पताल आदि में निवेश की अच्छी संभावना है। उत्तराखंड में जब त्रिवेंद्र सिंह रावत की सरकार थी तो साढ़े 12 एकड़ से अधिक जमीन खरीदने की पाबंदी हटा दी थी। राज्य सरकार के उस निर्णय पर विवाद हुआ। अब पुनः भूमि खरीद पर सख्ती से निवेशकों को झटका लगेगा। त्रिवेंद्र सिंह रावत भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। जी-20 के तहत निवेशकों को आमंत्रित करने वाले वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। एक ही पार्टी की सरकार में अलग-अलग नियम हैं। एक समान नियम की जरूरत है। केन्द्र सरकार को पूरे देश के लिए भू-कानून का निर्णय लेना चाहिए। हिमालयी राज्यों की विषम परिस्थिति की दृष्टि से अलग नियम का प्रावधान भी केन्द्र सरकार को करना होगा। राज्य सरकार पर यह निर्णय नहीं छोड़ा जाना चाहिए। एक मुख्यमंत्री कोई निर्णय करता है और उसके हटते ही दूसरा मुख्यमंत्री नया नियम बना देता है। भूमि माफिया सरकार की इस लचर नीति का फायदा उठाते हैं। भूमि, वन, शराब आदि माफिया के तार सियासत से जुड़े हैं। केन्द्र सरकार एक मुश्त फैसला करके समान नियम बनाये और चाहे किसी भी पार्टी की राज्य में सरकार हो, भू-कानून का सख्ती से पालन करे। भू-माफिया हिमालयी राज्यों तक सीमित नहीं हैं। पूरे देश में भूमि पर अवैध कब्जों की भरमार है। उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने की आड़ में होटल, रिजॉर्ट के नाम पर नियमों को ताक पर रखा जा रहा है। नियम के तहत सीमित जमीन खरीद कर आसपास की भूमि पर अवैध कब्जे के मामले भी समय-समय पर उजागर होते रहते हैं। भू-कानून का सख्ती से पालन करने की मांग वामपंथी व क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के साथ ही कई अन्य संगठन करते रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लव जिहाद और लैंड जिहाद के मामले पर सख्त कार्रवाई की बात बार-बार कह रहे हैं, लेकिन कोई कदम उठाया नहीं गया। किसी भी भूमि माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सिर्फ मुंह से कहने से काम नहीं चलेगा। माफिया को परोक्ष रूप से राजनीतिक संरक्षण मिला है। भूमि का छोटा सा हिस्सा लेकर घर बनाने वाले के लिए कानूनी बाधा की भरमार है।


# बदमाशों ने भाजपा नेता पर किया हमला तमंचे की नोंक पर नगदी व जेवरात लूटे

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

बदमाशों ने तमंचे की नोंक पर स्कूटी सवार दंपति को घेर कर हमला किया। बाद में बदमाश दंपति से हजारों की नगदी समेत सोने के जेवरात लूट कर फरार हो गए। दंपति को लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़ा देख मौके पर भीड़ जमा हो गई।

उपचार को अस्पताल पहुंचाया पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सुभाष तनेजा सुभाष तनेजा पुत्र स्वं हंसराज तनेजा निवासी वार्ड 15 पंजाबी कालौनी, किच्छा ने पुलिस को बताया कि वह पत्नी के संग स्कूटी से 23 अक्टूबर 2024 को रुद्रपुर से दीपावली का सामान खरीद कर लगभग रात्रि 9 बजे किच्छा वापसी के लिये निकले। बताया कि रात्रि करीब 9ः25 के आसपास किच्छा रोड़ पर स्थित राधा स्वामी सतसंग घर के पास



बाईक पर सवार तीन लोग आए और स्कूटी के सामने रास्ता रोक लिया। आरोप है कि तीनों बदमशों ने तमंचे निकाल लिए और तमंचे की नोक पर हाथ-गलें मे पहने सोने के जेवरों, पर्स में रखें पैसें, मोबाईल फोन छिन्ने की कोशिश करने लगें। विरोध करने पर बदमाशों ने जान से मारने की नियत से उसे व पत्नी के चहरे व सर पर तमचें की बट से हमला कर दिया। हमले में पत्नी का सिर फाड़ कर उनको लहुलुहान कर

**दुस्साहस**

- **रुद्रपुर से पत्नी के साथ दीपावली का सामान खरीद कर स्कूटी से वापस घर लौट रहे थे**
- **लहूलुहान हालत में सड़क पर गिरा देख राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया**

दिया। बदमाशों उसे भी तमचें की बट से हमला कर दिया। वह सड़क पर गिर गया।

बाद बदमाशों ने लोहे की राड से जानलेवा हमला किया। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने उसके गलें की 3 तोलें की सोने की चैन व पत्नी के गले की 3 तोलें की सोने की चैन और 15000 रुपये की नकदी मोबाईल फोन लूट कर फरार हो गए। राह चलते लोगों अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

## मूर्ति स्थानांतरित पर मिनट्स और स्थानांतरण का मानचित्र भी उपलब्ध करवाने की मांग

**नैनीताल।** मल्लीताल रिक्शा स्टैंड स्थित पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की मूर्ति की स्थापना को लेकर शुक्रवार को पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त समारोह समिति के पदाधिकारियों की लोनिवि के अधिकारियों से वार्ता करते हुए मॉंग की गयी कि वर्तमान में स्थित मूर्ति को सहजता से स्थानांतरित किया जाए और टूट- फूट का पूरी तरह से ध्यान रखा जाए, साथ ही जगह का विशेष ध्यान रखते हुए जगह को और अधिक बढ़ाया जाए जिससे कोई आयोजन करने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। साथ ही यह भी मॉंग की गई की विभाग की ओर से समिति को मिनट्स और स्थानांतरण का मानचित्र भी उपलब्ध करवाया जाए। इस दौरान समिति के प्रदेश मुख्य संयोजक गोपाल सिंह रावत, मुख्य प्रदेश समन्वयक ललित भट्ट,प्रदेश समन्वयक राजेश कुमार, मुख्य संयोजक पूरन सिंह मेहरा और सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत मौजूद रहे। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि समिति की ओर से पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की मूर्ति को सहजता से स्थानांतरित करने की मॉंग की गई और साथ ही मिनट्स और मानचित्र उपलब्ध करवाने की भी मॉंग की गई है विभाग की ओर से जल्द ही मिनट्स और मानचित्र समिति को उपलब्ध करवा दिया जाएगा।

## अमेरिका के स्टेनफोर्ड विवि दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल होने पर बधाई दी

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ (कूटा) ने अमेरिका के स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल होने पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रो. संतोष कुमार (भू विज्ञान),प्रो. नंद गोपाल साहू (रसायन विज्ञान) के साथ जीबीपी पर्यावरण संस्थान कोसी के पूर्व निदेशक स्व. डॉ. रणबीर सिंह रावल तथा डॉ. आई डी. भट्ट तथा डॉ. तरुण बेलवाल सहित एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विश्वविधालय के प्रो. रमोला (फिजिक्स) तथा प्रो. नरेश अग्रवाल (जूलॉजी) एवं डा. मोहन मेहता (दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी दिल्ली) के सूची में शामिल होने पर खुशी व्यक्त की है तथा बधाई दी है। कूटा ने डॉ. रावल को नमन भी किया है । उल्लेखनीय है कि स्व. डॉक्टर रणबीर रावल तथा डॉक्टर मोहन मेहता डीएसबी परिसर के एलुमनी हैं। कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा महासचिव डॉ. विजय कुमार सहित सभी ने मुबारकबाद दी है।

# प्रतिमा हटाने के विरोध में एक दिनी उपवास



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर में तल्लीताल स्थित ऐतिहासिक गांधी चौक पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा मल्लीताल में पंत पार्क में स्थापित भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की प्रतिमा को हटाए जाने के विरोध में नैनीताल पीपुल्स फोरम व नैनीताल के नागरिकों के आह्वान पर शुक्रवार को तल्लीताल गांधी चौक एक दिनी धरना तथा उपवास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बता दें कि देवभूमि उत्तराखंड के जन कवि रहे गिरीश तिवारी गिर्दा के गाए जनगीतों समेत अन्य जनगीतों के साथ प्रदर्शनकारियों ने अपना विरोध जाहिर किया। हाथों में पोस्टल व बैनर के साथ किए गए उपवास कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि तल्लीताल डांठ के सौंदर्यीकरण के नाम पर नैनीताल के विभिन्न आंदोलन की गवाह रही तथा नगर की पहचान बन चुकी गांधी जी की गांधी की मूर्ति को हटाना कतई ठीक नहीं है। यही नही हेरिटेज डाकघर को भी हटाए जाने की कवायद चल रही है। इधर नगर के संवेदनशील बलियानाला के सुरक्षा कार्य में करोड़ों रुपये की धनराशि खर्च की जा रही है और दूसरी ओर पूर्व की विषय विशेषज्ञों की रिपोर्ट को दरकिनार कर उसी पहाड़ी पर तल्लीताल के पुराने लडक़ीटाल में ऑटोमैटिक पार्किंग बनाए जाने की कवायद की जा रही है। इस मौके पर राजीव लोचन साह, कैलाश जोशी, मुन्नी तिवारी, मुकेश जोशी, डा.रमेश चंद्र पांडे, डा.भावना भट्ट,कमला कुंजवाल,दिनेश उपाध्याय, अनुपम कबडवाल, डा.सरस्वती खेतवाल, डा. उमा भट्ट,ड़ा. शीला रजवार, लीला बोरा, दिनेश जोशी, विनय साह,डा.मनोज सिंह बिष्ट, प्रताप सिंह खाती, महेश जोशी, अनिल कुमार, चंपा उपाध्याय, रईस भाई, माया चिलवाल तथा रेखा आर्या आदि कई लोग मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## आम्रपाली से मिलकर सारा दर्द भूलीं रानी चटर्जी



*इंसान जब किसी करीबी से मिलता है तो सारा दर्द भूल जाता है। ऐसा ही कुछ रानी चटर्जी से हुआ। हाल ही में उनसे मिलने लोकप्रिय अभिनेत्री आम्रपाली दुबे पहुंचीं। इस प्यारी मुलाकात ने रानी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी।*

*भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा रानी चटर्जी ने आज आम्रपाली दुबे के साथ तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरें इतनी खूबसूरत हैं कि फैंस का दिन बन गया है। दरअसल, आम्रपाली अचानक से रानी चटर्जी से मिलने सेट पर पहुंचीं। वहां दोनों बड़ी आत्मीयता से मिलीं और खूब हंसी-मजाक हुआ। रानी चटर्जी का कहना है कि आम्रपाली से मिलकर उनका सारा दर्द दूर हो गया है। रानी चटर्जी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इनमें वे और आम्रपाली दुबे नजर आ रहे हैं और दोनों ही अभिनेत्रियां लाल रंग की साड़ी पहने पारंपरिक लुक में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। रानी ने इसके साथ कैप्शन लिखा है, %आम्रपाली सेट पर आई और इतना हंसा कर गई कि मैं अपने पैरों का सारा दर्द भूल गई पगली है ये, लव यू%। आम्रपाली दुबे फिल्म %मातृ देवो भव% में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग उन्होंने पूरी कर ली है। और इसके बाद अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में व्यस्त हो चुकी हैं। उनकी अगली फिल्म का टाइटल %लाखों में पवले बानी हम बहूरानी% है। इसकी जानकारी खुद आम्रपाली ने सोशल मीडिया पर साझा की।*

### फैंस का तो दिन बन गया

*दोनों अभिनेत्रियों को साथ देखकर फैंस बेहद खुश हैं। एक यूजर ने लिखा, %आप दोनों साथ में बहुत अच्छे लगते हो%। एक अन्य यूजर ने लिखा, %मेरी दो पसंदीदा कलाकार एक साथ%। रानी चटर्जी के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे अपनी फिल्म %तलाक% को लेकर सुर्खियों में हैं। बीते दिनों इस फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ। यह फिल्म तीन तलाक पर आधारित है।*

# आगामी दीपावली त्योहारों को लेकर विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आगामी दीपावली त्योहारों के मद्देनजर संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने अधिकारियों संघ तल्लीताल डांठ में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया साथ ही अधिकारियों को कई निर्देश दिए। संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में शिकायत मिली थी कि विकास कार्यों के चलते तल्लीताल क्षेत्र में गाड़ियों को मुड़ने में दिक्क़ते आ रही है जिससे यातायात की समस्याएं कम होने की वजह बढ़ती जा रही है जिसके बाद संयुक्त मजिस्ट्रेट व अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण किया और यातायात की समस्या को देखते हुए नगर पालिका के सहयोग से नगर पालिका की बढ़ी गाड़ियों को क्षेत्र से पास करवाया जो उनका फेंक ट्रायल सफल रहा। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने कहा कि जब तक अवैध तरीके से गाड़िया पार्क होंगी तो जाम की समस्या बनी रहेगी। इस बीच पुलिस प्रशासन को भी सख्त निर्देश दिए गए है कि कोई भी व्यक्ति तल्लीताल क्षेत्र में वाहनों को पार्क न करे। दीपावली को देखते हुए जू रोड, अयारपाटा, तल्लीताल फायर स्टेशन का निरीक्षण भी किया। निरिक्षण के दौरान कही पर कुछ कमियां मिली है जिसे तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान ईओ दीपक गोस्वामी ,जेई विपिन चंद्र पुरोहित, पटवारी प्रकाश सैनी, हिमांशु चंद्रा, सूरज चौहान, कांस्टेबल सीआर आर्या, एफएसओ किशोर उपाध्याय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।






# बीएलएम में वार्षिकोत्सव जेनटेरा और विभागीय प्रदर्शनी आयोजित

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बीएलएम में वार्षिकोत्सव जेनटेरा और विभागीय प्रदर्शनी आयोजित की गई. मुख्य अतिथि आयकर आयुक्त ने किया. सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन के बाद बीएलएम एकेडमी के संस्थापक स्व. वेद प्रकाश गुप्ता जी का भावपूर्ण स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

मुख्य अतिथि ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध का शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहा प्रयास अनुकरणीय है.कालाढूंगी विधायक बंसीधर भगत ने स्व. वेद प्रकाश जी को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है उन्होंने शून्य से शिखर की यात्रा कर जीवन में उच्चतम मुकाम हासिल किया । इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।आरकेस्टा की धुन ने समा बांध दिया। बच्चों ने अर्धनारीश्वर पर मोहक नृत्य से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी के लिए आकर्षक खेल भी आयोजित किए गए। माता पिता के साथ रैंप वाक और नृत्य नाटिका आकर्षण का केंद्र रही। मौके पर प्रबंधक साकेत अग्रवाल,सौम्या अग्रवाल,प्रधानाचार्या डा गायत्री कंवर,मेयर डा जोगेंदर रौतेला, लालकुंआ विधा याक उप प्रधानाचार्या संगीता माथुर,हेड एडमिन एंड एच आर डा. अमर सिंह कँवर,एकेडमिक कॉर्डिनेटर पूनम क्वात्रा नूपुर सोसायटी के संचालक मीनू अग्रवाल बिष्ट, देवेंद्र बिष्ट,सिद्धांत अग्रवाल, समेत विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद थे । मंच संचालन प्राईमरी कॉर्डिनेटर यासमीन अली ने किया।

















# नियमितीकरण की मांग को पौधारोपण 113वें दिन भी जारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लेकर चलाया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण का कार्यक्रम शुक्रवार को 113वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि नियमितीकरण कट ऑफ 2024 शीघ्र जारी करने को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत शुक्रवार को 113वें दिन भी पौधारोपण कार्यक्रम जारी रहा । उन्होंने कहा कि शुक्रवार को उनके नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने मां उल्का देवी यात्री वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह नियमितीकरण नियमावली 2024 जारी कर नियमितीकरण की कार्रवाई करें। कहा कि जब तक नियमितीकरण नहीं होता तब तक पौध रोपण कार्यक्रम जारी रहेगा। कार्यक्रम में वेद प्रकाश, पदम सिंह, शेर सिंह, हर सिंह, सौरव खोलिया, गोपाल बिष्ट, नरेंद्र थापा, दीपक रावल, राजेंद्र सिंह तथा शोभा राम सहित अन्य निगम कर्मी उपस्थित रहे।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता फाइनल मुकाबला डीएसबी नैनीताल के नाम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

डीएसए नैनीताल द्वारा दो दिनी आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कुल 5 सेट हुए जिसमें डीएसबी परिसर नैनीताल ने बीएसए भीमताल को 3-2 अंकों के सेट से करीबी मुकाबला जीता। मैच की समाप्ति के बाद मुख्यअतिथि समाजसेवी लोकेश जोशी और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कविता गंगोला द्वारा विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का मैन ऑफ द टूर्नामेंट तेज सिंह बिष्ट और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पीयूष जलाल को दिया गया। निर्णायक पूरन



बिष्ट,लखविंदर सिंह कोरंगा, मनोज वर्मा, वीरेंद्र बिष्ट तथा राहुल पडियार व उद्घोषक नीरज बिष्ट रहे। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में डीएसए के वॉलीबॉल सचिव शैलेंद्र बर्गली ने सभी का आभार प्रेषित किया। प्रतियोगिता को सफ ल बनाने पर खजान सिंह डंगवाल समेत लाल सिंह बिष्ट, बालम सिंह मेहरा, मुकेश साह, सुरेश चंद्र,प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट,डा. मनोज सिंह बिष्ट, पवन खनायत, आनंद सिंह बिष्ट, मोहित लाल साह, बिशन सिंह मेहता,कमल बिष्ट, मनमोहन कनवाल,इंतखाब आलम, भूपाल नयाल, दीपक मटियाली, खीमराज देउपा,पूरन सिंह अधिकारी, खुशहाल सिंह बिष्ट,कुंदन सिंह सुयाल, रविकांत राजू, विनोद पंत,अरविंद सिंह पडियार, शांति मेहरा,दया बिष्ट, तारा राणा,जीवंती भट्ट, भूपेंद्र बिष्ट तथा रीता पाण्डे व सुनीता प्रसाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा।